Title: Re: Re-starting of Guna-Bina passenger Train.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना) : धन्यवाद, सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया।

सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र गुना से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दे को आज इस सदन में आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के समक्ष रखना चाहूंगा।

महोदय, गुना से बीना और गुना से भोपाल तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को कोरोना महामारी के समय बंद कर दिया गया था। इन ट्रेनों के बंद होने के कारण निकट के गांव, स्कूल से कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी, गरीब मजदूर, किसान, छोटे और बड़े व्यापारी और नौकरी करने वाले कर्मचारियों को यात्रा करने में बहुत असुविधा हो रही है। इन ट्रेनों को इस क्षेत्र की लाइफलाइन कहा जाता था। कई अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज भी बंद कर दिए गए हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि तत्काल गुना-बीना ट्रेन, जो वहां की लाइफलाइन है और गुना-भोपाल ट्रेन को पुन: रूप से, तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए, जो वर्ष 2019 से बंद है। धन्यवाद।